नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 23

No. of Printed Pages — 7

**SS—11–1—Pol. Sc. I**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2010

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2010

**वैकल्पिक वर्ग I — कला** ( OPTIONAL GROUP I — Arts )

## राजनीति विज्ञान — प्रथम पत्र

## POLITICAL SCIENCE — First Paper

समय : **$3\frac{1}{4}$** घण्टे

पूर्णांक : **60**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

*GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :*

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

   Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2. प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को सही मानें ।

   If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

3. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं । प्रश्न क्रमांक **22** एवं **23** में आन्तरिक विकल्प हैं ।

   *All* the questions are compulsory. Question Nos. **22** and **23** have internal choices.

4. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

5. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंक वाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।

   For questions having more than one part carrying similar marks, the answers of those parts are to be written together in continuity.

6. प्रश्न संख्या **2** से **5** तक अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनके उत्तर एक पंक्ति में देने हैं ।

   Question Nos. **2** to **5** are very short answer type. Their answers are to be given in one line each.

7. प्रश्न क्रमांक **1** के चार भाग ( i, ii, iii तथा iv ) हैं । प्रत्येक भाग के उत्तर के चार विकल्प ( **अ, ब, स** एवं **द** ) हैं । सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :

   There are *four* parts ( i, ii, iii and iv ) in Question No. 1. Each part has *four* alternatives *A, B, C* and *D*. Write the letter of the correct alternative in the answer-book at a place by making a table as mentioned below :

| **प्रश्न क्रमांक Question No.** | **सही उत्तर का क्रमाक्षर Correct letter of the Answer** |
|---|---|
| 1. (i) | |
| 1. (ii) | |
| 1. (iii) | |
| 1. (iv) | |

1. (i) कानून जो दो राज्यों के पारस्परिक सम्बन्धों व उनके आचरण को नियमन करता है, वह है

(अ) राष्ट्रीय कानून (ब) अन्तरराष्ट्रीय कानून

(स) प्रशासनिक कानून (द) संवैधानिक कानून ।

The law which determines mutual relation of two states and regulates their behaviour, is

(A) National law (B) International law

(C) Administrative law (D) Constitutional law. $\frac{1}{2}$

(ii) एक व्यक्ति द्वारा अपनी इच्छा से वेशभूषा धारण करना उसकी जिस स्वतन्त्रता का परिचायक है, वह है

(अ) प्राकृतिक स्वतन्त्रता (ब) नैतिक स्वतन्त्रता

(स) नागरिक स्वतन्त्रता (द) निजी स्वतन्त्रता ।

To wear the clothes by an individual according to his choice, is indicative of which freedom of him ?

(A) Natural liberty (B) Moral liberty

(C) Civil liberty (D) Personal liberty. $\frac{1}{2}$

(iii) निम्न में से जो राजनीतिक संस्कृति का लक्षण **नहीं** है, वह है

(अ) अमूर्त्तता (ब) गतिशीलता

(स) स्पष्टता (द) समन्वयवादिता ।

Out of the following, which is *not* a characteristic of political culture ?

(A) Abstractness (B) Dynamics

(C) Clearness (D) Collectiveness. $\frac{1}{2}$

(iv) किसी राज्य में मूल्यों को सीखने और अंगीकार करने की प्रक्रिया को कहा जाता है

(अ) समाजीकरण (ब) वैश्वीकरण

(स) आधुनिकीकरण (द) अभिमुखीकरण ।

The process to learn and adopt values, in any state, is known as

(A) Socialisation (B) Globalisation

(C) Modernisation (D) Orientation. $\frac{1}{2}$

2. ''अधिकार सामाजिक जीवन की वे परिस्थितियाँ हैं, जिसके बिना साधारणतया कोई व्यक्ति अपने उच्चतम स्वरूप की प्राप्ति नहीं कर सकता ।'' कथन किस राजनीतिक विचारक का है ?

Name the political thinker whose statement is, "Rights in fact are those conditions of social life without which no man can seek in general to be his best". $\frac{1}{2}$

3. राजनीतिक पद्धतियों या राजनीतिक प्रश्नों से सम्बन्धित अभिवृत्तियों, विश्वासों, भावनाओं तथा समाज के मूल्यों का समन्वित रूप क्या कहलाता है ?

What is known as collective form of attitudes, sentiments, cognitions and value of society related to political system or political issues ? $\frac{1}{2}$

4. अधिकारों से सम्बन्धित उस सिद्धान्त का नाम बताइए जो राजनीतिक एवं नागरिक अधिकारों को आर्थिक एवं सामाजिक अधिकारों की अपेक्षा अधिक महत्व देता है ।

Write the name of the theory regarding rights which gives more importance to the political and civil rights than the economic and social rights. $\frac{1}{2}$

5. स्वतन्त्रता से सम्बन्धित, वह कौन-सी विचारधारा है, जो व्यक्ति पर किसी भी बन्धन को स्वीकार नहीं करती ?

Which ideology of liberty does not accept any restraint on a person ? $\frac{1}{2}$

**नोट :** प्रश्न संख्या **6** से **11** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **30** शब्दों में दीजिए ।

*Note:* Answer of each question from Question Nos. **6** to **11** should not exceed **30** words.

6. कानून और नैतिकता के मध्य तीन अन्तर बताइए ।

   Mention three differences between law and morality. $1\frac{1}{2}$

7. राजनीतिक समाजीकरण को बाधित करने वाले तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए ।

   Explain three hindering causes of political socialisation. $1\frac{1}{2}$

8. सर्वाधिकारवादी एवं लोकतन्त्रात्मक व्यवस्थाओं में होने वाली राजनीतिक सहभागिता की प्रकृति के मुख्य तीन अन्तर बताइए ।

   Mention three main differences of the political participation between Totalitarian and Democratic systems. $1\frac{1}{2}$

9. राजनीतिक संस्कृति की अवधारणा की तीन कमियों का उल्लेख कीजिए ।

   Mention three shortcomings of the concept of Political culture. $1\frac{1}{2}$

10. समाजवाद के विकास की तीन उप-धाराओं का उल्लेख कीजिए ।

    Explain three sub-streams for development of socialism. $1\frac{1}{2}$

11. समष्टिवाद के विकास के तीन कारण बताइए ।

    Mention three causes for development of collectivism. $1\frac{1}{2}$

**नोट :** प्रश्न संख्या **12** से **21** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **100** शब्दों में दीजिये ।

*Note:* Answer of each question from Question Nos. **12** to **21** should not exceed **100** words.

12. वैधानिक समानता के तीन लक्षण बताइए ।

    Mention three characteristics of legal equality. 3

13. स्वतन्त्रता के संरक्षण के लिए आवश्यक तीन परिस्थितियों को स्पष्ट कीजिए ।

    Explain three essential conditions to safeguard liberty. 3

14. विधि के शासन की तीन विशेषताएँ बताइए ।

    Describe three characteristics of the rule of law. 3

15. भारत जैसे देश के लिए आप किस उपयुक्त संस्कृति को विकसित करने पर बल देंगे और क्यों ? अपने समर्थन में कोई दो तर्क दीजिए ।

    Which type of culture would you like to emphasise for development in a nation like India and why ? Give any two arguments to support your views. 1 + 2

16. अधिकारों के प्राकृतिक सिद्धान्त की कोई तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए ।

    Explain any three characteristics of natural theory of rights. 3

17. राजनीतिक सहभागिता के तीन विभिन्न स्तरों को स्पष्ट कीजिए ।

    Explain three different levels of political participation. 3

18. गाँधीजी के सच्चे अनुयायी होने के नाते आप सत्याग्रह के किन साधनों को अपनाने का सुझाव देंगे ? किन्हीं तीन को स्पष्ट कीजिए ।

    As a true follower of Gandhiji which means of Satyagraha would you like to suggest to adopt ? Explain any three. 3

19. परम्परागत और आधुनिक उदारवाद के बीच कोई तीन अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

    Explain any three differences between Traditional and Modern Liberalism. 3

20. एक नवोदित लोकतांत्रिक राज्य में आप किस प्रकार के राजनीतिक समाजीकरण की प्रक्रिया को अपनाने का सुझाव देंगे व क्यों ? कोई दो तर्क दीजिए ।

Which type of process of political socialisation would you suggest to adopt for a newly born democratic state and why ? Give any two arguments. 1 + 2

21. किसी लोकतांत्रिक समाज में आर्थिक स्वतन्त्रता के तीन लक्षण बताइए ।

Mention three characteristics of economic liberty of a democratic society. 3

**नोट :** प्रश्न संख्या **22** एवं **23** के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **500** शब्दों से अधिक में न लिखें ।

*Note :* Answer to the Question Nos. **22** and **23** should not exceed **500** words each.

22. अधिकार की परिभाषा देते हुए उनके लक्षणों का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

कर्त्तव्य के अर्थ बताइए । कर्त्तव्यों के वर्गीकरण का वर्णन कीजिए ।

Defining rights and describe their characteristics.

OR

Give the meaning of duties. Describe their classification. 8

23. उदारवाद के प्रमुख सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए ।

**अथवा**

मार्क्सवाद के द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद के सिद्धान्त की विवेचना कीजिए ।

Describe the main theories of liberalism.

OR

Describe Marx's theory of dialectical materialism. 9